दिन– बुधवार दिनांक– 13 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दरभंगा में बारह हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स की आधारशिला भी रखी। इसका निर्माण बारह अरब साठ करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके परिसर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और आयुष ब्लॉक, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, रैन बसेरा और अन्य आवासीय सुविधाएं शामिल होंगी। हमारे संवददाता ने बताया कि दरभंगा एम्स का निर्माण अगले तीन वर्षो में शोभन में किया जाएगा। इससे मिथिलांचल क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाएं पूरी होंगी। प्रधानमंत्री ने अड़सठ अरब लागत वाली विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने देश भर में विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अठारह प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों का उद्घाटन किया। इनसे रेलवे स्टेशनों पर सस्ती दवाइयां मिलेंगी और जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ेगी। श्री मोदी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र में चालीस अरब बीस करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी।

———————————————————————————

राज्य की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर एक बजे तक कुल चौंतीस दशमलव सात सात प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे अधिक इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में अड़तीस दशमलव एक सात प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, बेलागंज में पैंतीस दशमलव पाँच एक, रामगढ़ में चौंतीस दशमलव चार तीन और तरारी विधानसभा क्षेत्र में तीस दशमलव नौ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नही है। चारों विधानसभा सीटों पर कुल अड़तीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन से

राष्ट्रीय जनता दल तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। वहीं, भाकपा माले एक सीट पर मुकाबले में है। एनडीए खेमे से भाजपा दो सीट पर जबकि जदयू और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा एक एक सीट पर चुनाव लड़ रहा है। बहुजन समाज पार्टी ने दो, जबकि जनसुराज पार्टी ने सभी चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

———————————————————————

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा के लिए हरेक रेलगाड़ी में चार–चार जनरल कोच लगाये जायेंगे। आज समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि ट्रेनों में जनरल कोच लगाने के लिए दो हजार कोच का निर्माण किया जा रहा है। अबतक नौ सौ नये कोच बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर तक सभी गाड़ियों में जनरल कोच लगा दिया जायेगा।

———————————————————————

सारण जिले के हरिहर क्षेत्र का विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला आज से शुरु हो रहा है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा संयुक्त रूप से मेले का उद्घाटन करेंगे। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से मेला क्षेत्र में पर्यटक ग्राम बनाया गया है। जिसमें विदेशी मेहमानों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस छह स्विस कॉटेज बनाये गये हैं। सैलानियों की सहायता के लिए गाईड तैनात किये गये हैं, जो लोगों को मेले के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देंगे।

———————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में सुबह के समय अगले दो दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।